की गई वस्तुओं की मात्रा कितनी है और उसका मूल्य कितना है; और

(ख) कुल निर्यात की वस्तु-वार प्रतिशतता क्या है ?

विदेश व्यापार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : (क) और (ख). राज्य-वार आकड़े प्राप्य नही है ।

आमों और केलों का निर्यात

7927. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या विदेश व्यापार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत ने वर्ष 1970-71 और 1 अप्रैल, 1971 से 1 अक्तूबर, 1971 तक कितने आमों और केलों का निर्यात किया था; और

(ख) इससे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई थी ?

विदेश व्यापार मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री ए० सी० जार्ज) . (क) और (ख). निर्यात आंकड़े निम्नोक्त प्रकार है —

(मात्रा मे० टन मे)
(मूल्य लाख रुपये मे)

	1970-71		1 अप्रैल, 1971 से 30 सितम्बर, 1971 तक	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
आम	1290	27·74	1233	24 28
केले	7954	37·45	1265	5 88

वर्ष 1971-72 के दौरान बिहार में गिरफ्तार किए गए बिना टिकट यात्री

7928. **श्री शंकर दयाल सिंह** . क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(अ) वर्ष 1971-72 के दौरान बिहार मे कितने यात्री बिना टिकट यात्रा करने के अपराध मे गिरफ्तार किये गये;

(ख) रेलवे प्रशासन को इनसे जुर्माने के रूप मे कितनी राशि प्राप्त हुई;

(ग) क्या बिना टिकट यात्रा रोकने के अभियान अवधि के दौरान रेल कर्मचारियों और यात्रियों के बीच कुछ झगड़े भी हुये थे; और

(घ) रेल कर्मचारियों की सुरक्षा के लिये सरकार ने क्या प्रबन्ध किये हैं ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) · (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

अभ्रक का निर्यात

7929. **श्री शंकर दयाल सिंह** · क्या विदेश व्यापार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) अभ्रक उद्योग का निर्यात अपने हाथ मे लेने के बाद सरकार ने अभ्रक का कितना निर्यात किया,

(ख) पिछले वर्ष किन-किन देशों को कुल कितने मूल्य का अभ्रक निर्यात किया गया; और

(ग) इस समय सरकार के पास विदेशो से प्राप्त अभ्रक आर्डरो का ब्यौरा क्या है ?

विदेश व्यापार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) (क) खनिज तथा धातु

व्यापार निगम ने 24 जनवरी, 1972 से, जबकि अभ्रक के निर्यात का मार्गीकरण किया गया था, 22 मई, 1972 तक 78 06 लाख रुपये मूल्य के 7877 मे० टन अभ्रक का निर्यात किया है।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT 3112/72.]

(ग) 13 मई, 1972 तक खनिज तथा धातु व्यापार निगम को अभ्रक के लिए 5 9 करोड रुपये मूल्य के क्रया देशप्राप्त हुये थे।

Takeover of M/s Hindustan Embroidery Mills, Chheharta (Punjab)

7930 SHRI B S BHAURA Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state

(a) whether Government have recently received any communication from Punjab Government to take over M/s Hindustan Embroidery Mills, Chheharta, and if so, the action taken thereon, and

(b) whether Government had asked Punjab Government to conduct survey of the Mills by April, 1972, and if so, the action taken by Punjab Government ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI A C GEORGE) (a) Yes, Sir The survey team of the Textile Commissioner's Office has been asked to conduct technical and financial survey of this mill and the question of taking over its management will be considered on receipt of the report.

(b) No, Sir

परेल (बम्बई) स्थित पुराने वर्कशाप का इटारसी (मध्य रेलवे) को स्थानान्तरण

7931 श्री फूलचन्द वर्मा क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या बम्बई के परेल स्थित मध्य रेलवे के पुराने वर्कशाप को इटारसी स्थानान्तरित करने के प्रश्न की जाँच करने के लिये एक अध्ययन दल नियुक्त किया गया है, और

(ख) यदि हां, तो अध्ययन दल के निष्कर्ष क्या हैं ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नही उठता।

उज्जैन-आगर छोटी लाइन को मीटर गेज लाइन में बदलना

7932 श्री फूलचन्द वर्मा : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उज्जैन–आगर छोटी रेल लाइन को मीटर लाइन मे बदलने के बारे मे सरकार गम्भीरता पूर्वक विचार कर रही है, और

(ख) यदि हां, तो इस बारे मे क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) नही।

(ख) प्रश्न नही उठता।

पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा लाया तथा ले जाया गया माल तथा उससे अर्जित आय

7933 श्री फूलचन्द वर्मा :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा गत दो वर्षों मे कितने मूल्य का माल लाया तथा ले जाया गया, और

(ख) उससे अर्जित आय के बारे मे मुख्य बातें क्या हैं ?